दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com
AJEE AISECT GROUP OF UNIVERSITIES JOINT ENTRANCE EXAM
UNLOCK YOUR POTENTIAL WITH AJEE
REGISTER NOW!
ONE ENTRANCE | 5 UNIVERSITIES

2000 युवाओं के लिए खुला IT सेक्टर में नौकरी का द्वार

Bhaskar News Network | Apr 14, 2019, 07:41 AM IST

Indore News - **डीबी स्टार**

डीबी स्टार

इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स (परदेसीपुरा) स्थित नवनिर्मित आईटी पार्क में इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी वाली कंपनियों को दफ्तर शुरू होने लगे हैं। आचार संहिता के चलते अधिकारी फिलहाल अधिकृत रूप से जानकारी देने से बच रहे हैं।

मध्यप्रदेश सॉफ्टवेयर इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) के वरिष्ठ अधिकारी ने अपना नाम नहीं छापने के अनुरोध पर बताया कि न्यू आईटी पार्क में आने वाली कंपनियों से हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। 6 कंपनियों ने कामकाज शुरू भी कर दिया है। इनमें अमेरिका और जर्मनी की कंपनियां शामिल हैं। इनमें करीब 700 युवाओं को रोजगार मिला है।

सीआईएस (साइबर इन्फ्रा स्ट्रक्चर) कंपनी का ऑफिस जल्द ही शुरू हो जाएगा। इस कंपनी में सबसे अधिक युवाओं को जॉब्स मिलेगी। कंपनी के डायरेक्टर अभिषेक पारिक और अमित अग्रवाल ने बताया कि 800 आईटी विशेषज्ञों को ऑफर लेटर दे चुके हैं। जल्द ही संख्या 1100 तक पहुंचेगी। निकट भविष्य में 2000 युवाओं को आईटी सेक्टर में कॅरिअर बनाने का अवसर देंगे।

एमपीएसईडीसी की पहल पर न्यू आईटी पार्क में कामकाज शुरू हो रहा है। यहां करीब 2000 युवाओं को जॉब मिलेगा।

कर्मचारी जब चाहें दफ्तर आएं

सीआईएस में कर्मचारियों को प्रदेश में पहली बार कई सुविधाएं मिलेंगी। 15-15 हजार स्क्वेयर फीट के तीनों फ्लोर पर महिला कर्मचारियों के लिए फीडिंग रूम बनाए गए हैं। उनके बच्चों की देखरेख के लिए यहां क्रैच भी रहेगा। कर्मचारियों की सेहत का ध्यान रखते हुए जिम और स्पॉ की सुविधा रहेगी। मनोरंजन या तनाव दूर करने के लिए लॉफ्टर रूम, म्यूजिक और ओपन गॉर्डन की सुविधा भी रहेगी। आराम के लिए रेस्ट रूम भी रहेगा। सबसे खास बात यह होगी कि कर्मचारियों को समय पर दफ्तर आने का तनाव नहीं रहेगा। यानी वे जब चाहें दफ्तर आ सकते हैं। बस लॉग-इन करने के बाद 8 घंटे काम करना होगा।

रिलेक्स होने के लिए जिम, स्पॉ, लॉफ्टर रूम और गार्डन की सुविधा

महिला कर्मचारियों के लिए फीडिंग रूम तो बच्चों के लिए क्रैच

कर्मचारी जब चाहें दफ्तर आएं, बस उन्हें 8 घंटे काम करना होगा

पहल / अमेरिका के अस्पताल ने प्रिंस हैरी और मेगन के बेटे के जन्म के दिन पैदा हुए बच्चों को ताज पहनाया

देखें रोचक चुनावी किस्से लोकसभा

STUDENT OF THE YEAR 2
IN CINEMAS TOMORROW
GRAB YOUR SEAT
BOOK TICKETS

Next Stories

वाट्सएप पर धमकी दे रहा दुष्कर्म का फरार आरोपी, पत्नी ने भी केस वापस लेने के लिए धमकाया
निगमायुक्त ने एसटीपी का काम देखा, जल्द पूरा करने के निर्देश
स्कूल का सर्टिफिकेट भी मान्य नहीं कर रहा परिवहन विभाग
30 तक कॉपियां जंचेंगी, 15 मई तक आएगा एमपी बोर्ड का रिजल्ट
पुलिस चौकी के पास आईपीएल का सट्टा, तीन पकड़ाए
दमकल का सुरक्षा सप्ताह आज से
निगेटिव था ब्लड ग्रुप तो प्रसूता को एमवाय अस्पताल भेज दिया
रणजीत हनुमान मंदिर में सात क्विंटल फूलों से सजा बंगला
मानवाधिकार आयोग से आया ई-मेल मेडिकल कॉलेज में हो रही है रैगिंग